http://krishipravahika.vitalbiotech.org/

e-ISSN: 2583 – 0430

*कृषि-प्रवाहिका: ई-समाचार पत्रिका*, (2023) वर्ष 3, अंक 8, 1-2

Article ID: 292

# सोलर रूफटॉप योजना क्या है, कैसे व कितनी मिलेगी सब्सिडी ?

**जसवीर सिंह[1] और राजवीर[2]**

[1]विद्यावाचस्पति छात्र पादप रोगविज्ञान, कृषि महाविधालय, श्रीगंगानगर, स्. के. रा. कृ. विवि. बीकानेर (राज.)

[2]विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान), स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्विधालय, बीकानेर (राज.)

सोलर रूफटॉप योजना के तहत घर की छत पर सोलर पैनल लगाए जाते है। जो सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलता है। इससे आपकी बिजली के बिल भरने से राहत मिलेगी तथा आप बिजली विद को बेच भी सकते है। सोलर पैनल की सोलर सेल पैनल, सोलर इलेक्ट्रिक पैनल, फोटो–वोल्टाइक (पीवी) मॉड्यूल आदि नामों से जाना जाता है। सोलर पैनल सिलिकॉन प्लेट्स का बना होता है। सरकार सोलर योजना के तहत सभी देती है। आप अपनी बिजली खपत के अनुसार सोलर प्लेट घर की छत पर लगा सकते है। घरेलू सोलर योजना राजस्थान देश के सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेश में उनके विद्युत मंडलों के सहयोग से संचालित को जा रही है। राजस्थान राज्य में भी राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड (आरआरईसीएल) के माध्यम से योजना का क्रियान्वयन और पंजीकरण किया जाता है। आप आपने जिले के विद्युत मंडल या ऑनलाइन माध्यम से सोलर रूफटॉप योजना में रजिस्ट्रेशन कर सकते है। यदि आप 5 किलोवाट का सोलर सयंत्र लगते है तो सरकार के द्वारा रु 68,160 की सब्सिडी दी जाती है। सभी सोलर पैनल पर किलोवाट के हिसाब से अलग–अलग सब्सिडी दी जाती है।



**कैसे व कितनी मिलेगी सब्सिडी**

सोलर सिस्टम पर सब्सिडी प्राप्त करने के लिये आपको सबसे पहले अपनी पसद का सोलर सिस्टम लगवाना होगा। इसके बाद अपनी छत पर स्थापित सौर उर्जा सिस्टम की फोटो खींचकर सबंधित प्रमाण के साथ बेबसाइट पर अपलोड करनी होगी । इसके लिये उपभोक्ता को अपने विद्युत वितरण कंपनी की बेबसाइट पर जाना होगा ।

**छत पर लगने वाले सौंर सयंत्र के लिए पात्र लाभार्थी**

घरेलू सोलर योजना राजस्थान सभी प्रकार के आवासीय भवन के लिए

1 किलोवाट से 3 किलोवाट का सोलर सयंत्र लगाने पर आपको 40 प्रतिशत की सब्सिडी मिलती है।

3 किलोवाट से अधिक एवं 10 किलोवाट तक के सोलर सयंत्र पर 20 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है

ग्रुप हाउसिंग सोसायटी या रेजीडेंशयल वेलफेयर सोसाइटी में सामान्य सुविधा 500 किलोवाट तथा 10 किलोवाट प्रति आवास लिए लागत का 20 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। 1 किलोवाट का सोलर रूफटॉप सयंत्र लगाने पर यदि आप 1 किलोवाट का सोलर सिस्टम सयंत्र लगते है तो आपको छत पर लगभग 100 वर्ग फिट की जगह की जरूरत पड़ेगी, जो की छायारहित होना चाहिए। इस सयंत्र से आप प्रतिदिन 4 यूनिट प्रति किलो वाट की बिजली का उत्पादन कर सकते है। सोलर सयंत्र की लागत आप 3 वर्ष में वसूल कर सकते है। सयंत्र की औसत आयु 25 वर्ष होती है।

**राजस्थान सोलर रूफटॉप योजना आवश्यक दस्तावेज**

राजस्थान एसएसओ आईडी

पहचान पत्र – आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड इनमे से कोई एक पते के प्रमाण के लिए आधार कार्ड या वोटर आईडी पहचान पत्र और पते के प्रमाण दस्तावेज पीडीएफ फाइल में जिसकी साइज अपलोड करते समय 500 के बी से कम से कम होना चाहिए। मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी

**सोलर रूफटॉप योजना आवेदन प्रक्रिया–**

आपको सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट (solarrooftop.gov.in) पर जाना होगा आधिकारिक वेबसाइट में प्रवेश करने के बाद, आपको होमपेज पर रूफटॉप Apply For Rooftop Solar विकल्प दिखाई देगा । आपको उस ऑप्शन पर क्लिक करना है। ऑप्शन पर क्लिक करने के बाद आपके सामने एक नया पेज खुलेगा । वेब पर आपको आवेदन पत्र दिखाई देगा। और आवेदन पत्र में आपको पूछी गई सभी जानकारी भरनी होगी। सभी जानकारी भरने के बाद आपको आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे । फिर आपको सबमिट बटन पर क्लिक करना है और इस तरह आप सालार रूफटॉप योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। सरकार सौर ऊर्जा का बढ़ावा दे रही है।

अभी वर्तमान में सरकार सौर ऊर्जा के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाओ को शुरू कर रही है। ताकि कोई व्यक्ति को बिजली की कमी नहीं पढ़े। भारत सरकार का नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय इसी क्षेत्र में अग्रणी योगदान देता है। पीएम कुसुम योजना और सोलर रूफटॉप योजना सरकार की दो प्रमुख योजनाए है। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत किसानो को सोलर पंप प्रदान किये जाते है । इस योजना के तहत भी सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाती है।

**सोलर रूफटॉप प्लान 2023 के लाभ–**

इस योजना के माध्यम से लाभार्थियों को मिलने वाले कुछ लाभ नीचे दिए गए हैं–

केंद्र सरकार ने सोलर रूफटॉप योजना शुरू की है। देश के नागरिक अपनी छतों पर मुफ्त में सोलर पैनल लगा सकेंगे। और इसके लिए उन्हें सरकार द्वारा सब्सिडी दी जाएगी Free Solar Rooftop Yojana का उद्देश्य सूर्य की किरणों को बिजली के रूप में उपयोग करना है ।

1 किलोवाट सोलर पैनल लगाने के लिए लगभग 10 वर्ग मीटर जगह की आवश्यकता होती है।

सोलर पैनल का इस्तेमाल आप करीब 25 साल तक कर सकते हैं। 5 से 6 साल में सोलर पैनल लगाने का पूरा खर्च आपको मिल जाएगा। और बाकी 20 साल क आपको मुफ्त में बिजली मिलेगी। आप अपने घर, ऑफिस, फैक्ट्री आदि की छत पर सोलर पैनल लगा सकते हैं। केंद्र सरकार ने कहा है कि 3 किलोवाट तक 40 प्रतिशत सब्सिडी और 10 किलोवाट तक 20 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी।

Solar Rooftop Yojana हेल्पलाइन नंबर **1800 180 3333** है। इस योजना के माध्यम से देश के कोयले से उत्पन्न ऊर्जा का उपयोग धीरे– धीरे कम किया जाएगा। सोलर रूफटॉप योजनाएं पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा पैदा करेंगी। देश की जनता मुफ्त में बिजली का इस्तेमाल कर सकेगी।